पुणेकर

कर्मचारी चयन आयोग (पी.ई.बी.)

# समूह–2 उपसमूह–4

सहायक समपरीक्षक,सहा.जन सम्पर्क अधिकारी, सहा.नगर निवेक्षक,
सहा.राज स्व अधिकारी, सहा. अग्निशमन अधि. एवं समकक्ष पदों हेतु तथा
भू-अभिलेख , राजस्व विभाग के अंतर्गत

# पटवारी

(कार्यपालिक) पद हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा 2026-27

# सॉल्वड पेपर्स

## 2022-2017

*आपकी सफलता का सहयोगी . . .*

**पुणेकर पब्लिकेशन्स**
*खजूरी बाजार–इन्दौर*

© **सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन**

- इस पुस्तक मे दिये गये किसी भी भाग के लिये प्रकाशक /विक्रेता/मुद्रक/लेखक इस बात को कतई सुनिश्चित नही करता है कि इस पुस्तक के दी गई जानकारी अंतिम रुप से पूर्ण है। पाठको को यदि इस पुस्तक के किसी भी अंश या प्रश्न पर कोई संशय है तो वह अपन स्त्रोत के आधार पर उसका आकलन करे एवं यदि इस पुस्तक मे कोई विसंगति पाता है निम्न पते पर इस विसंगति को बताये जिससे कि आगामी संस्करण मे इस पुस्तक मे सुधार किया जा सके। इस पुस्तक को प्रकाशित करने में प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई हैं फिर भी किसी त्रुटि के लिए , परीक्षार्थी को होने वाले किसी भी संताप या नुकसान के लिये प्रकाशक/विक्रेता/ लेखक जिम्मेदार नहीं होगा।

- इस पुस्तक में प्रकाशित किसी भी अंश का प्रतिलिपिकरण, ऐसे यंत्र में भंडारण जिससे इसे पुनः प्राप्त किया जा सकता हो या स्थानांतरण, किसी भी रूप में या किसी या विधि से, इलेक्ट्रॉनिक, यांत्रिक, फोटो प्रतिलिपि, रिकार्डिंग प्रकाशक की पूर्व लिखित अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता है।

- इस पुस्तक में व्यापम(पीईबी) द्वारा आयोजित परीक्षाओ के ह ल प्रश्नपत्र दिये गये है। कुछ प्रश्नपत्रो मे प्रश्नो मे विभिन्न प्रकार का विरोधाभास है , जिससे की संभव है कि व्यापम की अन्सरशीट से इन प्रश्नो का मिलान नही हो सकेगा। ऐसे प्रश्नो के लिए विद्यार्थी स्वयं के विवेकाधिकार से प्रश्नो को हल करे।

- किसी भी विवाद के लिए न्यायक्षेत्र इन्दौर होगा।

- **प्रकाशक : पुणेकर पब्लिकेशन्स, इन्दौर**
  208 म.गाँ.मार्ग खजूरी बाजार,इन्दौर

**visit us - punekarpublication.com/in**
**contect us - punekerpublication@gmail.com**

# विषय सूची

☞ **Group-2 (Sub Group-4) Sahayak Samparikshak Patwari and Other post Combined Recruitment Test- 2022** **1 – 200**
03/15/2023, Shift-1
03/17/2023, Shift-2
03/21/2023, Shift-1
03/31/2023, Shift-2
04/02/2023, Shift-2
04/11/2023, Shift-2
04/15/2023, Shift-1
04/19/2023, Shift-2
04/20/2023, Shift-1
04/26/2023, Shift-1

☞ **Group-02 (Sub Group-04)**
**Sahayak Sanparikshak, Kanishth Sahayak, Data Entry Operator and Other Post Recruitment Test - 2020**
29 Jan. 2021 (9.00 AM) - 1 Feb. 2021 **1 – 155**

☞ **Group-2 SubGroup-4**
**AG1 & AG3 and other post recruitment test - 2018**
28th Apr. 2018 09:00AM - 28 Apr. 2018 **156 – 204**

☞ **Group-2 (Sub Group-4)**
**Labour Inspector Recruitment Test: 2017** **205 – 345**
7th Jan. 2017, 09 : 00 AM - 12th Jan. 2017, 02 : 00 PM

☞ **Patwari Recruitment Test- 2017**
9th Dec. 2017, 09:00 AM - 10th Dec. 2017, 09:00 AM **346 – 378**

**विशेष–** प्रिय विद्यार्थियों
यह पुस्तक कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित समूह 2 उपसमूह 4 के अंतर्गत सहा. समपरीक्षक, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी संयुक्त भर्ती परीक्षा हेतु प्रकाशित की गई है। पटवारी परीक्षा मे पूर्व मे ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं पंचायती राज संबंधित प्रश्न पुछे जाते थे, जो कि इस वर्ष नही है। इसलिये मार्गदर्शन के लिये पटवारी के कुछ पेपर्स प्रकाशित किये गये हैं, उम्मीद है कि विद्यार्थियों को लाभ होगा।

## व्यापम एवं अन्य बोर्ड मध्यप्रदेश
## राज्य स्तरीय आयोजित परीक्षाओं के

# पुणेकर सॉल्वड पेपर्स

-:: अवश्य पढ़िए ::-

* मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान
* कम्प्यूटर सामान्य ज्ञान
* तर्कशक्ति (रिंजनिंग)
* सामान्य अध्ययन
* सामान्य विज्ञान
* सामान्य गणित
* सामान्य अंग्रेजी
* सामान्य हिन्दी
* पर्यावरण

# Group-2 (Sub Group -4) Sahayak Samparikshak Patwari and Other Post Combined Recruitment Test - 2022

## 03/15/2023, Shift-1

1. **मध्य प्रदेश में लाल बाग महल कहाँ स्थित है?**
   (अ) अलीराजपुर (ब) इंदौर
   (स) बालाघाट (द) जबलपुर

**उत्तर-**(ब) **अवस्थितिः** इंदौर (खान नदी के तट पर)
**निर्माताः** होल्कर राजवंश
**निर्माण कालः** 1877-1884 ई. (लगभग 6-7 वर्ष)
**शैली :** यूरोपीय वास्तुकला शैली
**संरक्षणः** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (A.S.I.) द्वारा संरक्षित स्मारक।
**अधिग्रहणः** राज्य सरकार द्वारा वर्ष 1987 में अधिग्रहण किया गया।

2. **मध्य प्रदेश का निम्न में से कौन-सा जिला बुंदेलखंड पठार के अंतर्गत नहीं आता है?**
   (अ) शहडोल (ब) दतिया
   (स) छतरपुर (द) पन्ना

**उत्तर-**(अ) रीवा-पन्ना पठार के उत्तर पश्चिम में स्थित बुंदेलखंड, एक अन्य पठार है। इस क्षेत्र में बसे दतिया, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और गुना तथा शिवपुरी जिलों से राज्य का उत्तरी भाग बना है। शहडोल जिला मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित है तथा दक्कन के पठार के उत्तर - पूर्वी भाग में स्थित है।

3. **राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के पांचवें संस्करण के अनुसार, निम्न में से किसमें गिरावट दर्ज की गई है?**
   (अ) एनीमिक गर्भवती महिलाओं की संख्या
   (ब) 15-49 वर्ष आयु वर्ग में एनीमिक महिलाओं की संख्या
   (स) 10-60 महीने के आयु वर्ग में एनीमिक बच्चों की संख्या
   (द) एनीमिया से पीड़ित किशोरियों का प्रतिशत (15-19 आयु वर्ग)

**उत्तर-**(अ) राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के पांचवें संस्करण के अनुसार, एनीमिक गर्भवती महिलाओं की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है।
NFHS-5 वृहद पैमाने पर किया जाने वाला बहु-स्तरीय सर्वेक्षण है जो पूरे भारत में परिवारों के नमूने में किया जाता है। यह भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान (मुम्बई) के तकनीकी मार्गदर्शन व समन्वय से किया जाता है। भारत में NFHS वर्ष 1992-93, 1998-99, 2005-06, 2014-15 व 2019-20 में किया गया।

4. **मध्य प्रदेश की कृषि उपज के लिए चिन्नौर चावल पहला जीआई टैग बन गया। यह निम्नलिखित में से किस जिले से संबंधित है?**
   (अ) अनूपपुर (ब) बालाघाट
   (स) भिंड (द) श्योपुर

**उत्तर-**(ब) 29 सितंबर, 2021 को मध्यप्रदेश के चिन्नौर चावल को जीआई टैग के रूप मे मान्यता दी गई। चिन्नौर चावल का उत्पादन मुख्यतः बालाघाट क्षेत्र में किया जाता है, बालाघाट में पाई जाने वाली चीकायुक्त दोमट मिट्टी यहाँ चावल उत्पादन के लिये अनुकूल परिस्थितियाँ उत्पन्न करती हैं। इसलिये बालाघाट को मध्यप्रदेश का धान का कटोरा भी कहा जाता है।

5. **चोरपुरा में स्थित शिव मंदिर ……… शताब्दी ईस्वीं में बनाया गया था।**
   (अ) 17 वीं (ब) 16 वीं
   (स) 12 वीं (द) 10 वीं

**उत्तर-**(द) 10 वीं

6. **1857 के विद्रोह की शुरुआत भारत के किस शहर से हुई थी?**
   (अ) मेरठ (ब) झांसी
   (स) दिल्ली (द) सूरत

**उत्तर-**(अ) 29 अप्रैल, 1857 ई. को बैरकपुर परेड मैदान कलकत्ता के निकट मंगल पाण्डे द्वारा लगायी गयी विद्रोह की चिंगारी 10 मई, 1857 ई. को मेरठ छावनी में ज्वाला बनकर प्रज्वलित हुई। मेरठ छावनी में तैनात 11वीं और 12वीं नैटिव कैवलरी रेजीमेन्ट के सिपाहियों ने धनसिंह गुर्जर के नेतृत्व में अंग्रेजी हुकूमत से विद्रोह करके शस्त्रागार को लूटा व अपने साथी बन्दी सिपाहियों को मुक्त कराने के पश्चात् दिल्ली की तरफ कूच किया। मेरठ के विद्रोही सैनिकों ने दिल्ली पर कब्जा करके अंतिम मुगल सम्राट बहादुर शाह जफर को 'बादशाह-ए-हिन्दुस्तान' बनाते हुए ताजपोशी करके क्रांति का नेतृत्व करने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया था।

7. **तानसेन को मध्य प्रदेश में कहाँ दफनाया गया था?**
   (अ) मुरैना (ब) ग्वालियर
   (स) मांडु (द) इंदौर

**उत्तर-**(ब) 16वीं सदी के प्रसिद्ध हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार व मुगल सम्राट अकबर के नवरत्नों में शामिल तानसेन या रामतनु पाण्डेय ग्वालियर (म.प्र.) से संबंधित माने जाते हैं।
उनका जीवनकाल 1500 ई. से 1586 ई. माना जाता है। अबुल फजल द्वारा रचित 'अकबरनामा' में उनके देहावसान की तिथि 26 अप्रैल, 1583 ई. उल्लेखित है। तानसेन के अवशेषों को ग्वालियर में उनके सूफी गुरु शेख मुहम्मद गौस के मकबरे परिसर में दफनाया गया था।
तानसेन का मकबरा मुगल स्थापत्य कला का नमूना है और यह म.प्र. का सबसे विस्तृत मकबरा है।
**नोट-** माण्डू (धार) में हुशंगशाह का मकबरा भारत में स्थापित संगमरमर की पहली इमारत है जो पश्चिमी वास्तुकला का नमूना है।

8. **राष्ट्रीय बागवानी मिशन किस पंचवर्षीय योजना से संबंधित है?**
   (अ) दूसरी पंचवर्षीय योजना (ब) पांचवीं पंचवर्षीय योजना
   (स) दसवीं पंचवर्षीय योजना (द) प्रथम पंचवर्षीय योजना

**उत्तर-**(स) **दसवीं पंचवर्षीय योजना कालः** 2002-2007
**राष्ट्रीय बागवानी मिशन की शुरुआतः** 2005-2006
**राष्ट्रीय बागवानी मिशन के उद्देश्यः**
1. यथासंभव क्षमता से बागवानी क्षेत्र का विकास
2. बागवानी उत्पादों-फल, सब्जियां, फूल, नारियल, काजू, मसाले, औषधीय सुगंधित पौधे व अन्य बागानी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देना।
3. आवश्यकतानुसार क्षेत्रीय रूप से विभेदित रणनीतियों के द्वारा बागवानी क्षेत्र का समग्र विकास करना।
4. पहले से बागवानी विकास हेतु संचालित व नियोजित कार्यक्रमों में तालमेल की स्थापना।
5. पारम्परिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान के तालमेल से प्रौद्योगीकियों को प्रोत्साहन व विकास करना।

9. **लॉर्ड डलहौजी ने महाराजा दलीप सिंह को पेंशनभोगी के रूप में लंदन कब भेजा था?**
   (अ) 1843 (ब) 1840
   (स) 1848 (द) 1839

**उत्तर-**(स) लॉर्ड डलहौजी वर्ष 1848-1856 ई. तक भारत का गवर्नर जनरल रहा, जिसका एकमात्र लक्ष्य अंग्रेज कम्पनी के साम्राज्य का विस्तार करना था। इसी परिप्रेक्ष्य में द्वितीय आंग्ल-सिख युद्ध (1948-49 ई.) हुआ जिसमें सिख पूर्ण रूप से पराजित हुए।

29 मार्च, 1849 ई. को पंजाब के अंग्रेजी राज्य में विलय की घोषणा की गयी और महाराजा दलीप सिंह को 4-5 लाख रुपये के बीच में पेंशन देकर उनकी माँ रानी झिण्डन के संरक्षण में इंग्लैण्ड भेज दिया गया।

**नोट-** चूंकि प्रश्न के उपरोक्त विकल्पों में 1849 ई. का उल्लेख नहीं है इसलिए सही विकल्प 1848 ई. ही होगा।

**10. शंकर दयाल शर्मा का जन्म मध्य प्रदेश में कहाँ हुआ था?**

(अ) ग्वालियर (ब) इंदौर

(स) भोपाल (द) महू

**उत्तर-**(स) **डॉ. शंकरदयाल शर्मा**

**जीवनकालः** 19/08/1918 से 26/12/1999

**जन्म स्थानः** भोपाल (म.प्र.)

**अभिभावकः** श्री खुशीलाल शर्मा एवं श्रीमती सुभद्रा देवी

**सार्वजनिक जीवनः**

- भोपाल राज्य के मुख्यमंत्री (1952-56) रहे।
- केन्द्रीय संचार मंत्री (1974-77) रहे।
- भोपाल लोकसभा सीट से दो बार सांसद (1971 व 1980) रहे।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष (1972-74) रहे।
- वे आंध्रप्रदेश, पंजाब व महाराष्ट्र के राज्यपाल भी रहे।
- वे देश के उपराष्ट्रपति (1987-1992) रहे।
- वे देश के राष्ट्रपति (1992-1997) रहे।

**11. मध्य प्रदेश में निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान अपनी सामरिक भौगोलिक स्थिति के लिए दक्षिणी भारत के प्रवेश द्वार के रूप में जाना जाता है?**

(अ) बुरहानपुर (ब) मन्दसौर

(स) पचमढ़ी (द) रायसेन

**उत्तर-**(अ) असीरगढ़ किला मध्यप्रदेश में बुरहानपुर शहर से लगभग 20 किलोमीटर उत्तर में सतपुड़ा रेंज में स्थित है। कहा जाता है कि असीरगढ़ किला 15वीं सदी की शुरुआत में आसा अहीर (यादव) नाम के राजा ने बनवाया था। क्योंकि यह किला सतपुड़ा से होकर गुजरता है जो नर्मदा और ताप्ती नदियों की घाटियों को जोड़ता है, जो उत्तरी भारत से दक्कन तक सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है, इसे 'दक्कन की कुंजी' के रूप में जाना जाता था। अपने प्रमुख समय में इस किले को जीतना मुश्किल था क्योंकि यह काफी ऊंचाई पर बना था, इसकी बाहरी दीवारें मजबूत थीं जो आज भी बरकरार हैं।

**12. 1929 में लाहौर में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वार्षिक बैठक के अध्यक्ष कौन थे?**

(अ) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (ब) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(स) पंडित जे एल नेहरू (द) सुभाष चंद्र बोस

**उत्तर-**(स) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 45वाँ वार्षिक अधिवेशन लाहौर में 29 से 31 दिसम्बर, 1929 ई. के मध्य आयोजित किया गया। इस अधिवेशन (बैठक) की अध्यक्षता पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने की थी। इस अधिवेशन में 'पूर्ण स्वराज्य' का प्रस्ताव पारित हुआ और कार्यकारिणी समिति को सविनय अवज्ञा आंदोलन प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गयी।

**13. निम्नलिखित में से कौन-सा जम्मू कश्मीर का लोक संगीत है?**

(अ) छकरी (ब) दसकथिआ

(स) साना लामोक (द) लमन

**उत्तर-**(अ) **छकरीः** जम्मू कश्मीर का एक समूह गीत है जो यहाँ के लोक संगीत का लोकप्रिय रूप है। इसका प्रमुख विषय-परियों व प्रेम की कहानियां है।

**दसकथियाः** ओडिशा की लोक प्रदर्शन कला, युगल द्वारा गाथा गायन का रूप है जो धार्मिक स्वभाव गीत होता है। यह भक्त या दास की तरफ से पूजा या भेंट का एक रूप है।

**साना लामोकः** मणिपुर में माईबा (पुजारी) द्वारा राज्याभिषेक समारोह में राजा के सम्मान में गाया जाता है। यह जादुई शक्तियों से भरपूर गीत माना जाता है जिसे इष्टदेव पाखांगबा की भावना को जाग्रत करने के लिए गाया जाता है।

**लमनः** हिमाचल प्रदेश में दो अलग-अलग पहाड़ी की चोटी से लड़के व लड़कियों द्वारा छन्द गायन (प्रश्नोत्तर शैली) का लोकप्रिय रूप है।

**14. कंबोडिया में उस मंदिर का नाम बताइए जहां महाभारत और रामायण को चित्रित किया गया है।**

(अ) अंगकोर वाट (ब) कैलाशनाथ

(स) बृहदेश्वर (द) बोरोबुदुर

**उत्तर-**(अ) **अंग अंगकोरवाट मंदिरः** कम्बोडिया

**कैलाशनाथ मंदिरः** कांचीपुरम (तमिलनाडु)

**बृहदेश्वर मंदिरः** तंजौर (तमिलनाडु)

**बोरोबुदुर मंदिरः** मध्य जावा प्रांत (इण्डोनेशिया)

**नोट-** अंकोरवाट मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है जो विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक स्मारक है जो कि यूनेस्को की 'विश्व धरोहर स्थलों' में से एक है। मंदिर के गलियारों में रामायण, महाभारत, देव-दानव युद्ध, समुद्र मंथन, आदि से सम्बद्ध अनेक शिलाचित्र उत्कीर्ण है।

**15. यादव राव (यदुराव या जदुरै) ने 14वीं शताब्दी के बाद के वर्षों में राजगोंड या राजगौड़ वंश की नींव कहाँ रखी थी?**

(अ) गढ़ - कटंगा (ब) भोपाल

(स) निमाड़ (द) महाकौशल

**उत्तर-**(अ) गढ़ - कटंगा

- 14वीं सदी के उत्तरार्द्ध में विध्यांचल और सतपुड़ा के वन क्षेत्रों में गोंड राजाओं के अंतर्गत एक सुदृढ़ राज्य निर्मित हुआ जो लगभग तीन शताब्दियों तक मौजूद रहा। यह समय-समय पर गढ़ा, गढ़ कटंगा, गढ़-मण्डला के नाम से प्रसिद्ध रहा।
- स्थानीय परंपराओं व इतिहास के अनुसार यादव राव या यदुराव गोंड या राजगोंड राज्य के संस्थापक थे और उनका राज्यारोहण 14वीं सदीं के उत्तरार्द्ध में हुआ था।
- समकालीन कुछ फारसी, हिन्दी व संस्कृत स्त्रोत इसे गढ़ा राज्य कहते हैं, जबकि 'अकबरनामा' में इसे गढ़-कटंगा' कहा गया है।
- 1700 ई. के आसपास जब गोंड राजा नरेन्द्र शाह ने रामनगर से राजधानी हटाकर मण्डला स्थानांतरित की तो इसे गढ़ा-मण्डला कहा जाने लगा।
- 1667 ई. में गोंड राजा हृदयशाह के शासनकाल में रामनगर में संस्कृत शिलालेख में यादव राव से लेकर हृदयशाह तक 54 शासकों का उल्लेख है।

16. **उच्च दर मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, आरबीआई को कौन-सा कदम उठाना चाहिए?**
(अ) रेपो रेट में वृद्धि
(ब) सीआरआर या एसएलआर में वृद्धि
(स) सीआरआर या एसएलआर में कमी
(द) अधिक धन मुद्रित करना और इसे परिचालित करना

**उत्तर-**(ब) सीआरआर या एसएलआर में वृद्धि
- ➢ आर.बी.आई. मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के उद्देश्य से देश की मौद्रिक नीति का निर्धारण करता है।
- ➢ आर.बी.आई. की मौद्रिक नीति के अस्त्र (साख नियंत्रण के उपाय) को दो वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है- क्वान्टिटेटिव मेजर्स और क्वालिटेटिव मेजर्स ।
- ➢ क्वान्टिटेटिव मेजर्स-बैंक रेट, ओपन मार्केट ऑपरेशन, रेपोरेट, रिवर्स रेपोरेट, सी.आर. आर. एस.एल.आर. आदि।
- ➢ क्वालिटेटिव मेजर्स- मार्जिन निर्धारण, नैतिक दबाव, साख मापदण्ड निर्धारण, प्रत्यक्ष कार्यवाही, उपभोक्ता क्रेडिट नियमन आदि।
- ➢ बैंक रेट, रेपोरेट, रिवर्स रेपो रेट और ओपन मार्केट आपरेशन में वृद्धि से जरूरी नहीं है कि मार्केट में लिक्विडिटी में कमी आये।
- ➢ सी.आर.आर. एवं एस.एल.आर. में वृद्धि मार्केट में लिक्विडिटी को तुरंत प्रभावित करेंगे जिसमें सी.आर.आर. वृद्धि ज्यादा प्रभावी होती है क्योंकि इससे साख सृजन तुरंत प्रभावित होता है।

17. **म.प्र. पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम किस वर्ष अधिनियमित किया गया था?**
(अ) 1988 (ब) 1986
(स) 1999 (द) 1993

**उत्तर-**(द) मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम वर्ष 1993 में अधिनियमित किया गया था।
इस अधिनियम में कुल 15 अध्याय, 132 धाराएँ व चार अनुसूचियां सम्मिलित है।
29-30 दिसंबर, 1993ः म.प्र. विधानसभा में विधेयक प्रस्तुतिकरण पारित किया गया।
24 जनवरी, 1994ः राज्यपाल द्वारा विधेयक पर अनुमति प्रदान की गयी।
25 जनवरी, 1994ः म.प्र. गजट में एक्ट का 'नोटिफिकेशन' जारी हुआ।
20 अगस्त, 1994ः उपरोक्त एक्ट म.प्र. में लागू हुआ।

18. **किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन कितनी अवधि के लिए लगाया जा सकता है ?**
(अ) 2 साल (ब) 3 साल
(स) 1 साल (द) 6 महीने

**उत्तर-**(ब) भारतीय संविधान के भाग-18 के आर्टिकल 356 में राज्यों में संवैधानिक तंत्र के विफल हो जाने की दशा में राष्ट्रपति शासन को प्रावधानित किया गया है। आर्टिकल 356 के अधीन राष्ट्रपति उद्घोषणा की अवधि पहली बार में दो माह होती है। किन्तु दो माह की अवधि के अवसान के पहले संसद के दोनों सदन उसका अनुमोदन कर देते हैं तो यह उद्घोषण जारी किए जाने के 6 माह की अवधि के अवसान तक बनी रहेगी। प्रवर्तन के समाप्त होने के लिए जब-जब दोनों सदन संकल्प पारित कर देते हैं तब तक उद्घोषणा का जीवनकाल 6 माह के लिए बढ़ जाएगा। ऐसे प्रत्येक संकल्प से उद्घोषणा की आयु 6 माह के लिए बढ़ती है, किन्तु किसी भी दशा में उद्घोषणा तीन वर्ष से अधिक प्रवृत्त नहीं रह सकती है। अर्थात् अधिकतम सीमा 3 वर्ष तक है।

19. **जिला सड़कों का रख-रखाव किसके द्वारा किया जाता है?**
(अ) केंद्रीय लोक निर्माण विभाग
(ब) लोक निर्माण विभाग
(स) जिला परिषद्
(द) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

**उत्तर-**(स) जिला सड़के जिला मुख्यालय को जिले व अन्य जगहों से जोड़ती है। इनकी देखभाल या रख-रखाव की जिम्मेदारी जिला परिषदों को सौंपी गयी है। केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य लोक निर्माण विभाग राज्य राजमार्ग, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण स्वर्णिम चतुर्भुज उत्कृष्ट राजमार्ग का रख-रखाव करते हैं।

20. **क्षेत्र की आपूर्ति करने वाली अंतिम नहर को क्या कहा जाता है?**
(अ) वितरिका (ब) शाखा नहर
(स) छोटी नहर (द) फील्ड चैनल

**उत्तर-**(द) फील्ड चैनल (खेत की नहरें) को जलमार्ग भी कहते हैं ये सिंचाई के क्षेत्र में किसानों द्वारा खोदी गई छोटी नहरें हैं इन नहरों को नहर के आउटलेट के माध्यम से वितरण नहरों और शाखा नहरों द्वारा पानी दिया जाता है। यह सिंचाई के खेतों में पानी पहुंचाने हेतु छोटे चैनल होते हैं। फील्ड चैनल में जल का निर्वहन (Discharge) 0.25 क्यूमैक्स से कम होता है।

21. **Select the wrongly spelt word.**
(A) Illustrate (B) Arousing
(C) Hygeine (D) Gymnasium

**Ans.**(C) गलत शब्द - Hygeine
सही शब्द - Hygiene - स्वास्थ्य विज्ञान
- Illustrate - स्पष्ट करना, सचित्र बनाना
- Arousing - भड़काना, उकसाना
- Gymnasium - व्यायाम शाला

22. **In the following question, a sentence has been given in Active/Passive Voice. Out of the four alternatives suggested, select the one which best expresses the same sentence in Passive/Active Voice.**
**The wedding invitation card will be sent to Sonali by Karan today.**
(A) Karan would have to send the wedding invitation card today o Sonali.
(B) Karan will be sent the wedding invitation card today by Sonali.
(C) Karan will send the wedding invitation card to Sonali today.
(D) Karan will be sending the wedding invitation card today to Sonali.

**Ans.**(C)

| **Tense** | **Active** |
|---|---|
| (i) Present Indefinite | Sub + $V_1$ + s/es, do/does (not) |
| (ii) Past Indefinite | Sub + did (not) + $V_1$ |
| (iii) Future Simple | Sub + $V_1$ + will/shall |
| **Tense** | **Passive** |
| (i) Present Indefinite | is/am/are + $v_3$ + by + sub. |
| (ii) Past Indefinite | was/were + $v_3$ + by + sub. |
| (iii) Future Simple | will be/shall be + $v_3$ + by + sub. |

Note : दिया गया प्रश्न Simple future का Passive Voice है। इसलिए इसे Simple Future के Active Voice में बदलना पड़ेगा।
सही जवाब (C) Karan will send the wedding invitation card to Sonali today.

23. **In the following question, a sentence has been given in Direct/Indirect speech. Out of the four alternatives suggested, select the one which best expresses the same sentence in Indirect/Direct speech.**
**"I won't keep you more than a few minutes," he told his father.**
(A) He told his father that he wouldn't keep him more than a few minutes.
(B) He told his father that he wouldn't be keeping him more than a few minutes.
(C) He told his father that he wouldn't be kept more than a few minutes.
(D) He told his father that he won't keep him more than a few minutes.

**Ans.**(A) Direct/Indirect speech को एक अन्य Narration के नाम से जाना जाता है।
इन्हें Direct speech हो Indirect speech में बदलने के कुछ नियम होते हैं। जो कि निम्नलिखि है।

| **Direct speech** | **Indirect speech** |
|---|---|
| Simple Present | Simple Past |
| Simple Continuous | Past Continuous |
| Present Perfect | Past Perfect |
| Simple Past | Past Perfect |
| Past Continuous | Past Perfect Continuous |

will → would
can → could
may → might
must → had to
सही जवाब- He told his father that he wouldn't keep him more than a few minutes.

24. **Select the meaning of the given idiom.**
**A pipe dream**
(A) A dream to be rich (B) A sublime idea
(C) An Impractical plan (D) A dream to be famous

**Ans.**(C) A pipe dream means An Impractical plan.(कल्पना करना)

25. **In the below question, a part of the sentence is bracketed. Below are given alternatives to the bracketed part which may improve the sentence. Choose the correct alternative. In case no improvement is required, choose 'No Improvement' option.**
**As she had been (at a too great distance) to hear, I repeated every word.**
(A) at a great distance (B) at too great distance
(C) No Improvement (D) at too great a distance

**Ans.**(D) too सही स्थान पर नहीं है, यह great a distance के पहले आयेगा।

26. **From the given options, choose the one that gives the correct combination of words that fit in the blanks.**
**In a large-scale earthquake, the temperatures of the slipping zones can ______ so high as to cause some of the compounds within the slipping zone to ______ or completely decompose.**
(A) Arrive, partial (B) Reached, partially
(C) Reach, partially (D) Arrived, partial

**Ans.**(C) दिये गये paragarph के रिक्त स्थानों में Reach, partially शब्द उचित होंगे।

27. **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**To Play ducks and drakes**
(A) to act cleverly (B) to change places
(C) to be friendly (D) to use recklessly

**Ans.(D) Idiom** → To pay ducks and drakes → बुरा बर्ताव to use recklessly
Ex. He lost his relationship to playing ducks and drakes.

28. **In the following question, out of the four alternatives, select the word opposite in meaning to the word given.**
**Disparaging**
(A) Accumulate (B) Overrate
(C) Quantify (D) Viable

**Ans.**(B) Opposite word means → Antonyms
Given word → Disparaging. (अपमानजनक)
Opposite word → overrate (आवश्यक बाधिक समझना, महत्व प्राप्त
- Accumulate → जमा, इकट्ठा
- Quantify → परिणाम निर्धारित करना
- Viable → संभव, करने योग्य

29. **Select the synonym of the given word.**
**Impolite**
(A) Humane (B) Rude
(C) Fair (D) Reasonable

**Ans.(B)** Synonyms means → Similar words
Given word → Impolite (अशिष्ट)
Synonyms → Rude (भद्दा, अशिष्ट)
- Humane → दयालु
- Fair → मेला
- Reasonable → युक्ति संगत

30. **Select the meaning of the given idiom.**
**Children should be seen and not heard**
(A) Some children will seek attention by crying.
(B) Children should not speak in the presence of adults.
(C) The voice of children is often drowned in company of adults.
(D) Those children are likable who dress neatly.

**Ans.**(B) Given Idiom → Seen and not heard
अर्थ (means) - बच्चों को अच्छा बर्ताव करना चाहिए।
Ex. I think, Children should behave well and be quiet.

31. **Select the most appropriate word to fill in the blank.**
**Buenos Aires is _______ the cities with the highest number of bookstores per person in the world.**
(A) aboard (B) among
(C) across (D) between

**Ans.**(B) **Among** → इसका प्रयोग दो से अधिक व्यक्तियों, वस्तुओं तथा स्थानों के लिए होता है। (बीच में अर्थ में)
Ex. Distribute the chocolate among the children.
**Between** → इसका प्रयोग दो व्यक्तियों, वस्तुओं के लिए होता है। (बीच के अर्थ में)